

श्री रामोजी राव

Shri Ramoji Rao



पद्म विभूषण

Padma Vibhushan



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

श्री रामोजी राव

श्री रामोजी राव एक प्रख्यात पत्रकार तथा फिल्म निर्माता हैं। वह ईनाडू के मुख्य संपादक है जो देश में सबसे अधिक पढ़े जाने वाले क्षेत्रीय समाचार पत्रों में से एक है। इसके साथ ही साथ आप रामोजी ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष भी है जो विभिन्न व्यवसायों का एक समूह है जिसमें मीडिया, आतिथेय, खाद्य संस्करण से लेकर फिल्म निर्माण के व्यवसाय शामिल हैं।

2. आपका जन्म 16 नवम्बर, 1936 को हुआ तथा आपने अपनी विज्ञान स्नातक की डिग्री आंध्र विश्वविद्यालय के गुडीवाडा गवर्नमेंट कॉलेज से प्राप्त की। दिल्ली में एक अल्प अवधि के कैरियर के पश्चात, आपने हैदराबाद में अक्तूबर 1962 में मार्गदर्शी चिट फन्ड, शुरू किया जो 7,750 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि तथा 3.46 लाख अंशदाताओं के मजबूत आधार के साथ एक विश्वसनीय अग्रणी वित्तीय संगठन बन चुका है।

3. आपने मीडिया के क्षेत्र में वर्ष 1969 में अन्नदाता नाम की कृषि पत्रिका के साथ प्रवेश किया। यह किसान एवं कृषि प्रयोगशाला के बीच एक सेतु के रूप में प्रख्यात है। वर्तमान में, पत्रिका के तीन लाख से अधिक पूर्व भुगतान वाले अंशदाता हैं। 1974 में आपने ईनाडू की संस्थापना की जिसने क्षेत्रीय भाषा की पत्रकारिता में इतिहास रच दिया। शुरूआत के चार वर्ष के भीतर ही यह समाचार पत्र सबसे अधिक प्रचलित तेलुगू दैनिक समाचार पत्र बन गया तथा आज भी इसकी यही साख बनी हुई है। यह समाचार पत्र एक साथ 23 केन्द्रों से प्रकाशित किया जा रहा है। जिसमें मुंबई, नई दिल्ली, चैन्नई तथा बेंगलूरू शामिल हैं। यह समाचार पत्र जनता से संबंधित तथा लोकहित के विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका के लिए प्रसिद्ध है।

4. आपने अगस्त 1995 में ई टी वी तेलुगू चैनल शुरू किया। तत्पश्चात, यह विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं के टीवी चैनल नेटवर्क समूह में परिणित हुआ। आप 87 फिल्मों के विशिष्ट फिल्म निर्माता भी हैं और आपकी ये फिल्में समाज से संबंधित विभिन्न विषयों पर बनाई गई है। आपकी रामोजी फिल्म सिटी जिसकी शुरूआत 1996 में हुई, गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड्स में विश्व के सबसे बड़े फिल्म स्टूडियो कॉम्प्लैक्स के रूप में दर्ज है। यह फिल्म सिटी विभिन्न समारोहों तथा आयोजनों के हब के अतिरिक्त, देश में एक मुख्य पर्यटन आकर्षण के रूप में उभरी है।

5. आपने प्रिया फूड्स के साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में प्रवेश किया। प्रिया द्वारा पूरे देश में तथा 25 विदेशी राष्ट्रों में विभिन्न प्रकार के उत्पाद उपलब्ध कराए जाते हैं। आपने विशाखापट्टनम में होटल डॉलफिन के साथ आतिथ्य व्यवसाय में भी प्रवेश किया। वर्तमान में तारा एवं सितारा होटलों तथा रामोजी फिल्म सिटी में विभिन्न सुविधाओं के साथ आतिथ्य व्यवसाय उन्नति कर रहा है।

6. आप मातृ भाषा की उन्नति पर बहुत बल देते हैं। आपने रामाजी संस्थान संस्थापित किया है जो तेलुगू–वेलुगू तथा बाल–भारती पत्रिकाओं का प्रकाशन करता है। जबकि तेलुगू–वेलुगू तेलुगू भाषा में गुणवत्ता लेखन को प्रोत्साहन देता है, वहीं बाल भारती पत्रिका का उद्देश्य बच्चों को एक जिम्मेवार नागरिक बनाने का है।

7. आपको अपनी विभिन्न संस्थाओं द्वारा लोगों की सेवा करने के लिए विभिन्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आपको आंध्र विश्व कला परिषद, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय तथा श्री श्री विश्वविद्यालय द्वारा मानद उपाधियां प्रदान की गई हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने विशिष्ट योगदान के लिए आपको वर्ष 1994 में कैप्टेन दुर्गा प्रसाद चौधरी पुरस्कार तथा वर्ष 2001 में बी. डी. गोयनका पुरस्कार से अलंकृत किया गया है।

Shri Ramoji Rao

Shri Ramoji Rao is a renowned journalist and film producer. He is Chief Editor of Eenadu, one of the most widely read regional language newspapers in the country and the founder Chairman of Ramoji Group, a bunch of diverse concerns, which range from media of hospitality and from food processing to film production.

2. Born on November 16, 1936, Shri Rao got his Bachelor of Science degree from Gudivada Government College of Andhra University. After a brief career stint at Delhi, Shri Rao launched Margadarsi Chit Fund at Hyderabad in October, 1962 which has assumed the status of a reliable leading financial organization with a turnover of more than Rs 7,750 crore and around 3.46 lakh strong subscriber base.

3. Shri Rao first ventured into the field of media in 1969 with the launch of Annadaata, an agricultural magazine. The magazine is widely acclaimed as a bridge between the farmer and the agricultural laboratory. Today, the magazine has 3 lakh annual prepaid subscriptions. In 1974, he founded Eenadu, the Telugu newspaper that created history in regional language journalism. Within four years of its launch, the newspaper became the highest circulated Telugu daily and enjoys the status till today. The newspaper is being simultaneously published from 23 centres, including Mumbai, New Delhi, Chennai and Bengaluru. The newspaper is renowned for its activist role in promoting awareness on issues related to people's concerns and public interest.

4. Shri Rao launched ETV as a Telugu channel in August, 1995. It subsequently bloomed into a bouquet of network TV channels in various regional languages. He is also a distinguished film producer of 87 films, made on diverse themes having social relevance. His Ramoji Film City, which commenced services in 1996, holds Guinness Record as the World's largest film studio complex. The Film City has turned into a major tourism attraction in the country, apart from being the hub of a variety of events and fetes.

5. Shri Rao ventured into food processing industry in 1980 with the launch of Priya Foods. Priya offers a range of hundreds of products available all over the country and also in 25 foreign countries. Shri Rao made foray into the Hospitality industry with the launch of Hotel Dolphin at Visakhapatnam in June 1980. The hospitality business thrives to this day with the addition of star hotels named Tara and Sitara and various other facilities at Ramoji Film City.

6. Shri Rao strongly advocates promotion of the mother tongue. He has founded Ramoji Foundation which runs Telugu-Velugu and Bal Bharat magazines. While Telugu-Velugu promotes quality writings in Telugu language, Bal Bharat magazine aims at grooming children into responsible citizens.

7. Shri Rao has received several awards for the service he rendered to the people through his organizations. He was awarded honorary doctorates by Andhra Vishwa Kala Parishad, Sri Venkateswara University and Sri Sri University. He received Captain Durga Prasad Chowdary award (1994) and B.D. Goenka Award (2001) for his distinguished service to the field of Journalism.